RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 134 • 27:05:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-

# अब राम मंदिर परिसर में वीआईपी भी नहीं ले जा सकेंगे मोबाइल

### राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में लिया गया फैसला, लागू किए गए सख्त नियम

**अयोध्या (एजेंसी)।** अब आप राम मंदिर परिसर में मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे। मंदिर निर्माण समिति में फैसला किया गया है कि 25 मई से राम मंदिर परिसर में मोबाइल फोन ले जाने पर कड़ी पाबंदी होगी। यह नियम आम लोगों पर ही नहीं बल्कि वीआईपी के लिए भी लागू होगा। शुक्रवार को नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक आयोजित की गई थी। इसमें राम मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पर व्यापक चर्चा की गई। मंदिर निर्माण समिति ने मंदिर निर्माण पूरा करने और परकोटा निर्माण की डेडलाइन भी तय कर दी है। राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र के मुताबिक निर्माण कार्य की समीक्षा के बाद तय किया गया है कि दिसंबर 2024 तक मंदिर निर्माण का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा मंदिर के चारों ओर परकोटा का निर्माण भी मार्च 2024 तक पूरा हो जाएगा। इस परकोटे के अंदर ही राम मंदिर समेत अन्य देवताओं के मंदिर भी आएंगे। डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि




श्रद्धालुओं के लिए क्लॉकरूम की सुविधा उपलब्ध रहेगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए ही मोबाइल बैन करने का फैसला किया गया है और यात्रियों को इसका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा, मंदिर परिसर के बाहर ही मोबाइल समेत अन्य कीमती सामान रखने की सुविधा उपलब्ध है। अब यात्रियों को व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करना है। उन्होंने बताया कि मंदिर के चारों ओर 14 फीट ऊंचा परकोटा बनाया जाएगा। चंपत राय ने बताया कि परकोटे के अंदर राम मंदिर के अलावा छह और मंदिर होंगे। इसमें भगवान शिव और हनुमान जी का मंदिर शामिल होगा। मंदिर परिसर में एक साथ 25 हजार लोग पहुंच सकेंगे। बता दें कि राम मंदिर का निर्माण नागर शैली में 2.7 एकड़ में किया गया है। इसकी ऊंचाई 161 फीट है। इस मंदिर में 392 पिलर हैं और 44 दरवाजे हैं। इस मंदिर में पांच हॉल हैं जिनका नाम नृत्य मंडप, रंग मंडप, शोभा मंडप, प्रार्थना मंडप और कीर्तन मंडप है। मंदिर के स्तंभों पर भी खूबसूरत नक्काशी की गई है। मंदिर का निर्माण तीन मंजिल तक होना है जिस पर काम अभी चल रहा है। 22 जनवरी को यहां 51 इंच ऊंची भगवान राम की प्रतिमा की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राण प्रतिष्ठा में हिस्सा लिया था। इसके अलावा इस मौके पर 8 हजार वीआईपी पहुंचे थे।

## प्रियंका गांधी बोलीं-मेरी शादी ठेठ पंजाबी परिवार में हुई है

- कहा-सास से पंजाबियत की बातें सीखीं, पीएम सोच रहे हैं देश की महिलाएं बेवकूफ



**पटियाला/फतेहगढ़ साहिब (एजेंसी)।** पंजाब में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि मेरी शादी ठेठ पंजाबी परिवार में हुई है। बंटवारे के बाद मेरे ससुर ने पंजाब में अपना कारोबार शुरू किया। मैंने सास से पंजाबियत की बातें सीखीं। मोदी जी की सरकार ने कुछ नहीं किया। जिसने अत्याचार किया, मोदी जी उसके साथ खड़े रहे। प्रधानमंत्री ये सोच रहे हैं कि इस देश की सभी महिलाएं बेवकूफ हैं। मैं इन्हें कुछ ही कहूंगा, ये मान लेंगी। प्रियंका गांधी गांधी फतेहगढ़ साहिब में लोकसभा उम्मीदवार डॉ. अमीर सिंह और पटियाला में लोकसभा उम्मीदवार डॉ. धर्मवीर गांधी के समर्थन में रैली करने आई थीं।

## पंजाब में राजनाथ सिंह बोले-पाकिस्तान भीख मांग रहा

- स्वाति मालीवाल पर केजरीवाल चुप क्यों, राहुल गांधी ने ठीक कहा-उनका सिस्टम दलितों-गरीबों के खिलाफ

**खन्ना (एजेंसी)।** वरिष्ठ भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पंजाब के फतेहगढ़ में एक जनसभा को संबोधित किया। यहां रक्षा मंत्री ने कहा कि डॉक्टर ने



उन्हें खड़े होने से मना किया है। उन्होंने उन्हें 7 दिन तक आराम करने की सलाह दी है। जब तक नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री नहीं बन जाते, तब तक वे आराम नहीं करेंगे। आम आदमी पार्टी सुप्रीमो पर हमला करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि पंजाब के अलावा दिल्ली में भी आम आदमी पार्टी की सरकार है। शराब घोटाले में उनके नेता जेल गए। नेता में नैतिकता होनी चाहिए। अगर कोई आरोप है तो उसे तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

## नेतन्याहू के खिलाफ सड़कों पर फिर उतरे इजरायली

- सड़क पर निकाला विशाल जुलूस, पुलिस से खूनी झड़प

**तेल अवीव (एजेंसी)।** गाजा में हमास आतंकियों के खिलाफ जंग में उतरी इजरायली सेना एक तरफ कड़ा संघर्ष कर रही है। उधर, इजरायलियों की रक्षा कर पाने



में नाकाम पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर आम इजरायली भड़के हुए हैं। पिछले दिनों महिला इजरायली सैनिकों के वीडियो सामने आए थे, जिसमें दावा किया गया कि हमास आतंकियों ने इन महिला इजरायलियों के साथ हैवानियत की है। वीडियो सामने के बाद इजरायल में एक बार फिर नेतन्याहू के खिलाफ लोगों का गुस्सा भड़का हुआ है। राजधानी तेल अवीव पर हजारों की संख्या में इजरायली नेतन्याहू के इस्तीफे की मांग के साथ प्रदर्शन करते नजर आए।



# '144' वाली गर्मी, सड़कों पर 'कर्फ्यू' जैसा नजारा

- फलोदी देश का सबसे गर्म शहर, तापमान 50 डिग्री पहुंचा
- महाराष्ट्र के अकोला में गर्मी के चलते धारा 144 हुई लागू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नौतपा का रविवार को दूसरा दिन था। मौसम विभाग ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। नौतपा के पहले दिन, यानी 25 मई को राजस्थान में गर्मी से 5 लोगों की मौत हो



गई। यहां पिछले 3 दिनों में 22 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य का फलोदी देश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां तापमान 50 डिग्री दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में लोगों को गर्मी से बचाने के लिए ट्रैफिक सिग्नल की टाइमिंग आधी की गई है। यानी जहां सिग्नल 60 सेकेंड रेड रहता था, वहां 30 सेकेंड ही रेड रहेगा। महाराष्ट्र के अकोला में 45 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। यह राज्य का सबसे गर्म शहर रहा। जिला कलेक्टर ने पब्लिक गैदरिंग रोकने के लिए शहर में धारा 144 लगाई है। मैदान से लेकर पहाड़ी इलाके तक लू की चपेट में हैं। राजस्थान के कई हिस्सों, एमपी-गुजरात में भीषण लू चल रही है।

# लापरवाही की 'आग', दो शहरों में 34 लोगों की मौत

### राजकोट गेम जोन में 28 तक पहुंचा मौत का आंकड़ा



**राजकोट (एजेंसी)।** गुजरात के राजकोट में शनिवार शाम 4.30 बजे टीआरपी गेम जोन में आग लगने से 28 लोगों की मौत हो गई। पहले 30 की मौत की जानकारी सामने आई थी। मगर एसपी क्राइम ने 28 की मौत की पुष्टि की। मृतकों में 12 बच्चे भी शामिल हैं। फायर ब्रिगेड की 8 टीमें करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझा पाईं। 25 से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, गेम जोन से अंदर-बाहर जाने का एक ही रास्ता था। वहीं फायर डिपार्टमेंट से एनओसी भी नहीं ली गई थी। चश्मदीद के मुताबिक- कालावड रोड स्थित इस गेम जोन में वीकेंड की वजह से 500 रुपए का टिकट 99 रुपए में दिया जा रहा था, इसलिए भीड़ ज्यादा थी। टीआरपी गेम जोन के मालिक युवराज सिंह सोलंकी, पार्टनर प्रकाश जैन, राहुल राठौड़ और मैनेजर नितिन जैन को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। हादसे के बाद चारों ने फोन बंद कर लिया था। किराए की 2 एकड़ जमीन पर तीन मंजिला गेम जोन 2020 में बनाया गया था। इसका स्ट्रक्चर लकड़ी और टीन शेड पर खड़ा था। कई जगह रिपेयरिंग और रेनोवेशन का काम भी चल रहा था। एक जगह सीढ़ी पर वेल्डिंग के दौरान निकली चिंगारी से ब्लास्ट हुआ और आसपास आग लग गई।

## दिल्ली के चाइल्ड हॉस्पिटल में आग, 6 नवजात की मौत

- 5 बच्चों का रेस्क्यू, आशंका-ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद लगी आग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के विवेक विहार स्थित एक चाइल्ड हॉस्पिटल में शनिवार 25 मई देर रात आग लग गई। हादसे में 6 नवजात की मौत हो गई। 5 का रेस्क्यू किया गया है। दो मंजिला बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर न्यू बॉर्न बेबी केयर सेंटर था। इसमें कुल 12 बच्चे भर्ती थे। दिल्ली फायर सर्विस चीफ अतुल गर्ग ने ने बताया कि अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है। हालांकि, शुरुआती जांच में ऑक्सीजन सिलेंडर ब्लास्ट को आग लगने का कारण बताया जा रहा है। बेबी केयर सेंटर के नीचे ग्राउंड फ्लोर पर अवैध ऑक्सीजन सिलेंडर रीफिलिंग का काम चल रहा था।

## शाहजहांपुर में बस पर डंपर पलटा, 12 लोगों की मौत

### ढाबे पर रुकी थी बस, तभी डंपर ने टक्कर मारी, बस सीतापुर से पूर्णागिरी जा रही थी

**शाहजहांपुर (एजेंसी)।** शाहजहांपुर में भीषण सड़क हादसे में बस सवार 12 यात्रियों की मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब बस ढाबे पर खड़ी थी। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मारी और बस पर पलट गया। हादसे में 10 यात्री घायल भी हैं। बस सवार यूपी के सीतापुर से उत्तराखंड में मां पूर्णागिरी मंदिर जा रहे थे। करीब 80 लोग सवार थे। हादसे के वक्त ज्यादातर यात्री बस के नीचे उतरे हुए थे। कुछ अंदर सो रहे थे। डंपर में गिट्टी लदी थी, टक्कर के बाद बस में गिट्टी भर गई। अंदर लोग फंस गए। हादसा शनिवार रात 11 बजे



के करीब हुआ। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। यात्रियों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे थे तभी पुलिस भी पहुंची। यात्री अंदर इस कदर फंसे हुए थे कि निकालना मुश्किल हो रहा था। कोई डंपर के नीचे तो कोई बस की सीट में फंसा हुआ था। हादसा देखकर पुलिस ने और फोर्स बुलाई। तुरंत क्रेन और जेसीबी को मंगवाया गया। तब जाकर डंपर और बस को अलग किया गया। करीब 5 घंटे तक चले रेस्क्यू में बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। घायलों को भर्ती कराया गया।

# कोलकाता ने तीसरी बार जीता IPL टाइटल

### 10 साल बाद चैंपियन बनी टीम, वेंकटेश की फिफ्टी; हैदराबाद को 8 विकेट से हराया



**स्पोर्ट्स डेस्क।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने IPL-2024 का खिताब जीत लिया है। टीम ने फाइनल मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से हराया। कोलकाता की टीम इस लीग में तीसरी बार चैंपियन बनी है। टीम ने 10 साल बाद खिताब जीता है। पिछली बार कोलकाता 2014 में चैंपियन बनी थी। चेपॉक मैदान पर रविवार को हैदराबाद ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 18.3 ओवर में 113 रन पर ऑलआउट हो गई। कोलकाता ने 114 रन का टारगेट 10.3 ओवर में 2 विकेट पर हासिल कर लिया। वेंकटेश अय्यर ने 26 बॉल पर नाबाद 52 रनों की पारी खेली। रहमानुल्लाह गुरबाज ने 32 बॉल पर 39 रन बनाए। गेंदबाजी में आंद्रे रसेल ने 3 विकेट चटकाए।

## छपरा हिंसा के बाद एसपी गौरव मंगला पर ऐक्शन

- चुनाव आयोग की गिरी गाज, लालू की बेटी रोहिणी आचार्य की भी अब बढ़ेगी मुश्किलें!

**छपरा (एजेंसी)।** छपरा हिंसा में पुलिस मुख्यालय पटना ने बड़ी कार्रवाई की है। लोकसभा चुनाव के दौरान हुई हिंसा के बाद सारण के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव मंगला का ट्रांसफर पुलिस मुख्यालय की ओर से कर दिया गया है। एसपी डॉक्टर गौरव मंगला को अगले आदेश तक योगदान की प्रतीक्षा में मुख्यालय में पदस्थापित किया गया है। वहीं नए एसपी के तौर पर आईपीएस डॉक्टर कुमार आशीष की पोस्टिंग की गई है। डॉ कुमार आशीष फिलहाल मुजफ्फरपुर रेल एसपी के पद पर तैनात है। 20 मई को सारण लोकसभा सीट पर मतदान के दौरान नगर थाना क्षेत्र के भिखारी चौक बड़ा तेलपा स्थित मतदान केंद्र पर रोहिणी आचार्य के पहुंचने के बाद हिंसा हुई थी।

# अच्छे-अच्छों की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट हैं सीएम योगी

**मिर्जापुर (एजेंसी)।** बांसगांव पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया गठबंधन पर बड़ा हमला बोला। पीएम ने कहा, कांग्रेस ने हमेशा देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा, आज हमारा देश ब्रह्मोस मिसाइल बना रहा है। वो दिन दूर नहीं जब यूपी



में भी ब्रह्मोस मिसाइल बनेगी। ब्रह्मोस मिसाइल ऐसी है जिसका खौफ दूर-दूर तक है। दुनिया के कई देशा में इस मिसाल की मांग रही है। लेकिन कांग्रेस को ये भी पसंद नहीं आया। जो देश भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदना चाहते थे, कांग्रेस सरकार ने उनके सामने भी रोड़े अटकाए। ये इंडिया गठबंधन वाले चाहते हैं भारत रक्षा क्षेत्र में न आत्मनिर्भर बने और न ही भारत में हथियार एक्सपोर्ट करने की क्षमता पैदा हो। विदेशों से हथियारों का सौदा होता रहे और कांग्रेस की दलाली चलती रही। सपा पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने माफियाओं को चेतावनी दी। पीएम मोदी ने कहा, योगी जी अच्छे-अच्छों की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट हैं। उनके आने के बाद से यूपी का माहौल और मौसम दोनों बदल गया है। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को

- पीएम मोदी के निशाने पर सपा, माफियाओं को भी दी चेतावनी

संबोधित कर रहे पीएम मोदी ने कहा, हमारे यूपी में डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है। देश का रक्षा निर्यात 21 हजार करोड़ रुपये से ऊपर पहुंच गया है। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने लोगों से पूछा, डिफेंस कॉरिडोर बनाने वाली सरकार चाहिए या दिवाली वाली। दलाली करने वाली सरकार चाहिए। सपा-कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए पीएम मोदी ने कहा, इंडी जमात वालों की राजनीतिक का मकसद तुष्टिकरण है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में युवक ने मौके पर ही दम तोड़ा

**पटना।** पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र के तुलसी मंडी के नजदीक रविवार की अहले सुबह अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। इस हादसे में युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। इस बीच काफी देर के लिए मौके पर अफरा तफरी का माहौल बना रहा। सूचना पाकर आलमगंज थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है। घटना की पुष्टि करते हुए आलमगंज थाना प्रभारी ने बताया कि एक ट्रक के द्वारा बाइक सवार युवक को धक्का लगने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि युवक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मौके पर से सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अज्ञात वाहन का पता लगाने में जुट गई है। लोगों ने बताया कि एक युवक काले रंग की स्प्लेंडर से रविवार की अहले सुबह तुलसी मंडी के नजदीक से गुजर रहा था। इसी क्रम में एक अज्ञात वाहन मोटरसाइकिल सवार युवक को कुचल डाला। घटना के बाद अज्ञात वाहन से फरार हो गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस युवक की पहचान करने में जुटी थी।



### पटना में जहर खाकर शख्स पहुंचा थाना, अस्पताल में भर्ती, पुलिस से कहा- पत्नी का अवैध संबंध है

**पटना।** पटना जिले के फतुहा में एक शख्स पत्नी की प्रताड़ना से परेशान होकर जहर खा लिया। जहर खाकर वह फतुहा थाना पहुंच गया। पुलिस ने उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया है। पीड़ित शख्स की पहचान मसौढ़ी के बौरही निवासी मनोज गिरी के रूप में हुई है। वह फतुहा के गोविंदपुर में किराए के मकान में पत्नी और बच्चों के साथ रहता है। मनोज के पास से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जब्त किया है। पीड़ित मनोज गिरी ने पुलिस को बताया कि मेरी पत्नी जहां काम करने जाती है, वहां उसका अवैध संबंध है। विरोध करने पर मेरे साथ मारपीट करती है। मेरा बड़ा बेटा भी स्मैक पीता है। वो भी मेरे साथ मारपीट करता है। जिससे तंग आकर मैं कुछ दिनों से फतुहा स्टेशन पर रह रहा था। इतना प्रताड़ना मैं सह नहीं पाया, जिसके कारण मुझे सल्फास खाना पड़ा। फतुहा थानाध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया कि एक व्यक्ति जहर खाकर थाने पर आ गया था। इलाज के लिए हम लोगों ने अस्पताल भेजा है। उसका बयान दर्ज कर लिया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### दोनों क्षेत्रों में 15 से अधिक प्रत्याशी, पटना साहिब-पाटलिपुत्र के मतदान केंद्रों पर दो-दो बैलेट यूनिट लगेंगी

**पटना।** पटना साहिब और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के लिए शनिवार को ईवीएम रैंडमाइजेशन किया गया। डीएम शीर्षत कपिल अशोक द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित एनआईसी में मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से द्वितीय पूरक प्रथम रैंडमाइजेशन कराया गया। डीएम ने कहा कि पटना साहिब से 17 और पाटलिपुत्र से 22 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। एक बैलेट यूनिट में नोटा के अलावा 15 चुनाव चिह्न की जगह है। इन दोनों लोकसभा क्षेत्रों में 15 से अधिक उम्मीदवार चुनाव मैदान में होने के कारण सभी 4,290 मतदान केंद्रों पर दो-दो बैलेट यूनिट लगेगी। जिले में रिजर्व सहित बीयू की संख्या 10,284 है। इस मौके पर उप विकास आयुक्त तनय सुल्तानिया सहित अन्य सभी वरीय अधिकारी उपस्थित थे। पर्ची वितरण में लापरवाही करने वालों से मांगा गया स्पष्टीकरण उप विकास आयुक्त तनय सुल्तानिया ने बख्तियारपुर के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी गुरु शरण से स्पष्टीकरण मांगा है। जांच के क्रम में पाया गया कि वार्ड संख्या 6, 9, 12, 13 और 15 में मतदाता पर्ची का वितरण सही तरीके से नहीं हुआ है। जांच टीम द्वारा खोजे जाने तक वह कार्यालय से अनुपस्थित रहे। इसके साथ ही सेक्टर प्रभारी सहित मतदाता पर्ची वितरण करने वाले कर्मियों अलख निरंजन प्रसाद, मो.माहिउद्दीन, विजेता कुमारी, संगीता कुमारी, सीता देवी, ललिता कुमारी, राधा कुमारी, वीर चंद मांझी से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके साथ ही वेतन रोकने का आदेश दिया है।



### आपसी विवाद में दो पक्षों में मारपीट, वैशाली में 1 महिला समेत 3 लोग घायल

**हाजीपुर ।** वैशाली में साढ़े तीन कट्ठा जमीन पर कब्जा जमाने को लेकर दो पक्षों में रविवार की दोपहर मारपीट हुई है। मारपीट में एक महिला समेत तीन लोग घायल हुए है। इस घटना में घायल हुए एक पक्ष की ओर से बताया गया है कि दूसरे पक्ष की ओर से घर पर चढ़कर गोली चलाई गई है। इसमें दो लोग को गोली लगी है। ालांकि, गोलीबारी की घटना से वैशाली एसपी ने इंकार कर दिया गया है। उन्होंने कहा है कि गोली किसी को नहीं लगी है। जमीनी विवाद में मारपीट हुई है। सभी घायलों को बिदुपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। यहां से इन्हें डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया है। घटना बिदुपुर थाना क्षेत्र के बाजीतपुर गांव की है। इधर, गोली लगने की बात से डॉक्टर ने भी इंकार किया है। घायल लोगों में बिदुपुर थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव निवासी 45 वर्षीय, विजय भगत, 35 वर्षीय, शोभा देवी,50 वर्षीय, दीप नारायण भगत बताए गए है। घायल महिला शोभा देवी के 10 वर्षीय बेटे अभिषेक कुमार को बीते 20 अगस्त को जमीन विवाद में ही अपहरण किया गया था। इस संबंध में महिला शोभा देवी ने गांव के ही स्वर्गीय देवनाथ राय के बेटे अनिल राय पर जमीन विवाद में अपहरण करने का मामला दर्ज कराया था। अभी तक बच्चे का भी सुराग नहीं मिल पाया है। इस संबंध में वैशाली पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय ने बताया कि बिदुपुर थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव में दो पक्षों में जमीन विवाद को लेकर मारपीट हुई है। लेकिन, गोली चलने की सूचना गलत है। घायल की ओर से गोली चलने की बात बताई गई है। लेकिन, डॉक्टरों की ओर से मेडिकल जांच के दौरान गोली लगने की पुष्टि नहीं हो पाई है।

### संपत्ति की लालच में मासूम की हत्या, वैशाली में भाई और चाची सहित पांच लोग गिरफ्तार

**हाजीपुर ।** वैशाली के सहदेइ बुजुर्ग थाना क्षेत्र में बीते 22 तारीख को 8 वर्षीय मासूम का शव बरामद हुआ था। इस मामले में वैशाली पुलिस ने खुलासा किया है। इसमें शामिल कुल पांच अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बीते 18 तारीख को सहदेइ बुजुर्ग थाना अंतर्गत सहदेव बुजुर्ग निवासी प्रियंका देवी की ओर से थाने में आवेदन दिया गया था कि उनका 8 साल का बेटा लापता हो गया है। जिसके बाद थाने में मामला दर्ज किया गया। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में 22 तारीख को बिहजादी चवर से शव को बरामद किया गया। मानवीय आसूचना इकाई और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर घटना में शामिल 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधी साहिल कुमार, विवेक कुमार, पंकज कुमार, शीला देवी और मुन्नी देवी है। अभियुक्त की ओर से प्रियंका देवी के जमीन संपत्ति अपने नाम करने की नीयत से घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में वैशाली एसपी हर किशोर राय ने बताया कि किशोर की हत्या मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। संपत्ति हड़पने के लिए मासूम को उसके ही चचेरे भाई और चाची ने मार दिया था।

# नदी में नहाने गया किशोर डूबा, मौत, पैर फसलने से पानी में गया

**एजेंसी, हाजीपुर ।**

❐ वैशाली में दोस्तों के साथ गया था

वैशाली में तीन-चार दोस्तों के साथ गंडक नदी में स्नान करने गए 14 वर्षीय किशोर गंडक नदी में डूब गया। किशोर को डूबता हुआ देख उसके साथियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। तभी बच्चों के चिखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। जहां किसी तरह किशोर को गंडक नदी से बाहर निकाला और लालगंज के रेफरल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना लालगंज थाना क्षेत्र के जलालपुर गंडक नदी घाट की है। मृतक की पहचान लालगंज थाना क्षेत्र के जलालपुर



गांव निवासी मिथिलेश सिंह के पुत्र सन्नी कुमार(14) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है की रविवार की सुबह वह जलालपुर गंडक नदी घाट पर स्नान करने गया था। इसी दौरान पैर फिसलने और गहरे पानी में चले गया और गंडक नदी में डूब गया था। मृतक दो भाई में बड़ा था। उसके पिता मिथिलेश कुमार सिंह दिल्ली के किसी कंपनी में मजदूरी करते हैं। फिलहाल वह दिल्ली में ही है। घटना की सूचना पर पहुंची लालगंज थाने की पुलिस अधिकारी ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया।

**नहाने के दौरान हुआ हादसाः** मृतक के चचेरे बड़े भाई रंजीत कुमार ने बताया कि सन्नी अपने दोस्तों के साथ जलालपुर गंडक नदी घाट पर स्नान करने गया था तभी डूबने से मौत हो गई है।

# पटना को नंबर वन शहर बनाने का किया वादा

**एजेंसी, पटना।**



डॉ. अंशुल बोले- आईटी हब बनाएंगे, महिलाओं के लिए पिंक बस की फैसिलिटी

पटना साहिब लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अंशुल अविजित ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के लिए जारी मेनिफेस्टो में कहा है कि वे पटना साहिब को नंबर वन शहर बनाएंगे। पटना विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाएंगे। यह उनकी गारंटी है कि वे क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने महिलाओं को यातायात निःशुल्क सुविधा देने के लिए पिंक बसों की सुविधा, हर विधानसभा क्षेत्र में एक महिला थाना की स्थापना का पूरा प्रयास करने का वादा किया। है। उन्होंने कहा कि फतुहा को अनुमंडल बनाया जाएगा। सफाई कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कर्मचारियों, आशा कार्यकर्ताओं और चमड़ा उद्योग में कार्यरत लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करेंगे। अंशुल ने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। कृषि के बारे उन्होंने कहा कि मैं जीतने के बाद कृषि वैज्ञानिकों की टीम को समय-समय पर किसानों के पास भेजकर आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण देंगे। पटना को आईटी हब बनाएंगे। मल्टी नेशनल कंपनियों के कार्यालय खुलवाएंगे। इसमें स्थानीय युवाओं को रोजगार देने में प्राथमिकता दिलायेंगे।

# पटना वीमेंस कॉलेज में 4th सेमेस्टर का रिजल्ट जारी

**एजेंसी, पटना।**

कम अंक आने की शिकायत होगी दूर, स्क्रूटनी के लिए 4 जून तक कर सकते हैं आवेदन

पटना वीमेंस कॉलेज में चौथे सेमेस्टर में पढ़ने वाली छात्राओं का रिजल्ट आ गया है। जिन छात्राओं को लगता है, उनके मार्क्स अपर्याप्त हैं। वे स्क्रूटनी के लिए आवेदन कर सकती हैं। आवेदन करने की आखिरी तारीख 4 जून है। छात्राओं को हर पेपर के लिए अलग-अलग अप्लाई करना होगा। इसके लिए छात्राओं को 300 रुपए हर पेपर के लिए फीस देना होगा। कॉलेज ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि बीए/ बीएससी/ बीकॉम/ बीसीए/ बीबीए/ एएमएम/ बीएमसी/ सीईएमएस/ एमबीआईओ/ पीजी/ एमसीए/ बीएड के सेमेस्टर 4 का रिजल्ट जारी हो गया है। जो भी छात्रा अपने एग्जाम पेपर का स्क्रूटनी करवाना चाहती है। वह 4 जून तक इसके लिए अप्लाई कर सकती हैं। छात्राओं को 300 रुपए फीस देनी होगी।

**दो शिफ्ट मे ंहोगी परीक्षाः** वहीं, जिन छात्राओं ने नए सत्र में एडमिशन के लिए अंग्रेजी ऑनर्स के लिए आवेदन किया है उन्हें अंग्रेजी प्रोफिशियंसी टेस्ट 12 जून को देना होगा। लिखित टेस्ट सुबह 9-10 बजे तक होगी। इसके बाद 10:30 बजे वाइवा लिया जाएगा। इसके साथ ही कॉलेज ने मिड सेमेस्टर परीक्षा का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा 30 और 31 मई को आयोजित होगी। यह परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। पहली शिफ्ट सुबह 10 से 11 बजे और दूसरी शिफ्ट सुबह 11:15 से दोपहर 12:15 तक चलेगी।

# 1 जून तक चलेगा विशेष सफाई अभियान

## दिन में कंस्ट्रक्शन वेस्ट की जांच, रात में कचरा उठाव करेंगे निगमकर्मी

**एजेंसी, पटना।**

पटना में 1 जून को मतदान निर्धारित है। आम लोक सभा निर्वाचन-2024 के क्रम में पटना नगर निगम इस अवसर पर निगम के हर वार्ड, सेक्टर और सभी मतदान केन्द्रों का विशेष सफाई अभियान आज से 29 मई तक चलाएगी। निगम की ओर से कहा गया कि सफाई के बावजूद जहां-तहां कंस्ट्रक्शन वेस्ट फेंके जा रहे हैं। इसके कारण वार्ड की सफाई पूरी नहीं हो पाती है। अब निगम इसके लिए हर एक वार्ड को सीएनडी (कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन) वेस्ट से मुक्ति के लिए अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत संबंधित वार्ड नोडल पदाधिकारी के नेतृत्व में प्रत्येक वार्ड के सफाई निरीक्षक, सेक्टर पर्यवेक्षक के द्वारा प्रत्येक दिन में सेक्टर वार अपने-अपने वार्ड में यत्र-तत्र पड़े सीएनडी वेस्ट



की सूची और जिओ टैग फोटोग्राफ लेकर का संकलन करेंगे। रात्रि पाली में वार्ड नोडल के नेतृत्व में सभी जोनल निरीक्षक, सफाई निरीक्षक और सेक्टर पर्यवेक्षक सीएनडी वेस्ट का सेक्टर वाइज उठाव सुनिश्चित करेंगे। संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी, नगर प्रबंधक और मुख्य सफाई निरीक्षक वार्ड वाइज वाहन यथा- टीपर (407), जेसीबी और बॉबकैक्ट तथा आवश्यकता के अनुसार अन्य संशाधन उपलब्ध करायें गए हैं।

**सर्वे से मिली जानकारीः** पटना नगर निगम को स्थानीय व्यक्तियों के द्वारा मेनहॉल, कैचपीट के ढ़क्कन तोड़ने और चोरी करने की शिकायत भी प्राप्त हुई है। इस परिस्थिति में उक्त अभियान के तहत् सभी मेनहॉल के ढक्कन, कैचपीट और बॉक्स नाला का क्षतिग्रस्त स्लैब के मरम्मति के दिशा में सर्वे करते हुए मरम्मति कराने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए सभी संबंधित वार्ड नोडल पदाधिकारी द्वारा संबंधित वार्ड पार्षद से समन्वय स्थापित कर वार्ड के सफाई निरीक्षक और सेक्टर पर्यवेक्षक के साथ हर एक दिन अपने-अपने वार्ड में सेक्टर-वाइस खुले मैनहोल/ कैचपीटों/ बॉक्स नाला का क्षतिग्रस्त स्लैब की पहचान करेंगे और जिओ टैग फोटोग्राफ लेते हुए वार्डों में खुले मैनहोलों कैचपीटों की पहचान करते हुए उसकी सूची तैयार करेंगें। इसके बाद प्री कास्ट ढक्कन लगाए जाएंगे।

# पटना में युवक की हत्या, रेलवे ट्रैक पर मिला शव, बहन बोली-मकान मलिक की बेटी से अफेयर था

## पीट-पीटकर मार डाला, 3 थानों में उलझा मामला

**एजेंसी, पटना।**

पटना के अलीपुर में एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। उसके शव को रेलवे ट्रैक के नजदीक फेंक दिया गया। रविवार को सूचना मिलने के बाद युवक के परिजन मौके पर पहुंचे। फिर इलाज के लिए पटना के एम्स में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की बहन ने आरोप लगाया है कि प्रेम प्रसंग के कारण प्रेमिका के परिजनों ने उसकी पीट-पीटकर हत्या की है। इसके बाद शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया है। युवक की पहचान गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के अलकापुरी निवासी युवराज के रूप में हुई है। वह मूल रूप से अरवल का रहने वाला है। इधर मामले को लेकर तीन थानों की पुलिस उलझी हुई है।



**मकान मालिक की बेटी से था अफेयर-बहनः** युवराज की बहन खुशबू कुमारी ने बताया कि फिलहाल वह शिवपुरी के एक मकान में किराए पर रहता था। वहां किराना की दुकान भी चलाता था। मकान मालकिन की बेटी से उनके भाई युवराज का प्रेम प्रसंग चल रहा था। कई बार मकान मालिक ने युवराज को लड़की से मिलने के लिए मना किया था। कई बार धमकी भी दी थी। युवराज की बहन खुशबू कुमारी ने बताया कि शनिवार को दिन के 11:00 बजे उसका भाई घर से निकला। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। देर रात किसी ने फोन पर यह सूचना दी। उसकी हत्या कर दी गई है। खुशबू ने बताया कि उनके भाई युवराज की पीट-पीट कर और सिर कूच कर हत्या कर दी गई है। बहन ने बताया कि फोन पर खबर मिलने के बाद इसकी सूचना फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के 112 नंबर जिप्सी गाड़ी को दी। सूचना मिलने के बाद 112 नंबर की पुलिस अलीपुर रेलवे ट्रैक के नजदीक से युवराज को गंभीर स्थिति में बरामद किया। इलाज के लिए युवराज को पटना एम्स ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की पुष्टि के लिए फुलवारी शरीफ थाना प्रभारी सफीर आलम से बात करने पर उन्होंने बताया कि शव अलीनगर के नजदीक मिला है। यह गर्दनीबाग थाना क्षेत्र का मामला बनता है।

# नौतपा का इफैक्ट, 14 जिलों में हॉट-डे का अलर्ट

**एजेंसी, पटना।**

देश में 25 मई से नौतपा शुरू हो गया है, जिसका असर बिहार के कई जिलों में दिखने लगा है। मौसम विभाग ने आज बिहार के 14 जिलों में हॉट-डे का यलो अलर्ट जारी किया है। इनमें बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, भोजपुर, अरवल, गया, जहानाबाद, पटना, नालंदा, नवादा, शेखपुरा, लखीसराय और बेगूसराय शामिल है। इन जिलों में दिन के समय कड़ी धूप निकलेगी। दूसरी ओर चक्रवातीय तूफान रेमल 26 मई की रात बांग्लादेश और बंगाल से पार कर जाएगा। बिहार में 26 मई को इसका आंशिक असर पूर्वी और पूर्वी मध्य भाग पर पड़ेगा। कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश, वज्रपात और तेज हवा चलने की संभावना है। इसे लेकर 12 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वी और पूर्वी मध्य के जिन भागों में बारिश का अलर्ट है, उनमें जमुई, बांका, भागलपुर,



मुंगेर, सहरसा, खगड़िया, कटिहार, मधेपुरा, पूर्णिया, सुपौल, अररिया और किशनगंज शामिल है।

**रेमल चक्रवाती तूफान का असरः** मौसम विभाग के अनुसार आज बंगाल की खाड़ी से उठे रेमल चक्रवर्ती तूफान बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के तट से टकराने वाला है। इस दौरान हवा की गति 110 से 120 किमी प्रति घंटा होगी। वहीं, इसका अप्रत्यक्ष रूप से प्रभाव बिहार पर भी पड़ेगा। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एसके पटेल ने बताया कि रेमल तूफान के चले जाने के बाद बिहार में दक्षिणी पछुआ हवा चलेगी। इससे नमी में कमी होगी। इस वजह से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी।

# पीएम मोदी पर राजद सांसद मनोज झा ने निशाना साधा

**एजेंसी, पटना।**

सांसद मनोज झा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने राजद कार्यालय में कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी गरिमा विहीन होते जा रहे हैं। तेजस्वी यादव को 4 जून के बाद जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं। क्या आप न्यायालय को भी मैनेज करने की सोच रखते हैं। उनकी परेशानी का कारण तेजस्वी का परिवर्तन पत्र है। जो नौकरी, रोजगार बढ़ाने की बात करता है। महंगाई कम करने की बात करता है। जो महिलाओं को प्रतिवर्ष 1 लख रुपए देने की बात करता है।

**मनोज झा ने और क्या कहाः** मनोज झा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री को पॉलिटिकल बात करनी चाहिए। दुनिया में किसी भी पीएम ने इतनी अशुभनीय बात नहीं की है। यह गीदड़ भभकी नहीं चलेगी। मामला बहुत आगे चला गया है। प्रधानमंत्री जी आपने अपने पद की गरिमा के साथ जितना अन्याय किया है हमने आज तक किसी को ऐसा करते नहीं देखा है। जब तेजस्वी कहते हैं क्या आरक्षण खत्म कर देंगे। कैसे होगा



ये भी बताता हूं। आर्टिकल 15 और 16 सरकारी नौकरियों की बात करता है। आपने सरकारी नौकरियां ही खत्म कर दी। जातीय जनगणना समेत कई ऐसे मुद्दे हैं जिन पर आपको जवाब देना चाहिए। लेकिन आप तेजस्वी को धमकी दे रहे हैं।

**देश की जनता विराम लगा देगीः** राजद से राज्यसभा सांसद मंडल कमीशन के रिपोर्ट आपने नहीं पढ़ी। देश के प्रधानमंत्री को इतना अज्ञानी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतिम में में यही कहना चाहता हूं। रघुपति राघव राजा राम...सबको सम्मति दे भगवान। मनोज झा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी इंतजार कीजिए, सभी लोगों की फाइल खुलती है। फाइल खुलेगी। वहीं, इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व मंत्री आलोक मेहता समेत कई अन्य नेता मौजूद थे।

# 'मीसा भारती को दें वोट', आलोक मेहता पहुंचे पाटलिपुत्र, कहा- बदलाव की बह रही हवा

**एजेंसी, पटना।**

पटना के दानापुर में समस्तीपुर के उजियारपुर संसदीय क्षेत्र से राजद के प्रत्याशी और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता पहुंचे। यहां पर उन्होंने पाटलिपुत्र से राजद प्रत्याशी मीसा भारती के पक्ष में वोट करने की अपील की। साथ ही कुशवाहा समाज को गोलबंद करते हुए एक बैठक किया है। यह बैठक दानापुर के बीबीगंज स्थित एक निजी हॉल में की गई। बैठक में दानापुर के कुशवाहा समाज के भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता ने मीसा भारती के पक्ष में वोट करने के अपील की। इस दौरान आलोक मेहता ने कहा कि मीसा भारती के पक्ष में सभी समाज के लोग एकजुट हो रहे है। समाज के सभी वर्ग के लोगों में परिवर्तन की



हवा बह रही है। आज हम दानापुर के साथ ही उसके आस-पास के क्षेत्रों में जनसंपर्क कर मीसा भारती के पक्ष में लोगो से वोट करने की अपील की है।

**देश के संविधान को बचाने की है लड़ाईः** उन्होंने आगे कहा कि यह लड़ाई देश के प्रजातंत्र और संविधान को बचाने के लिए है। प्रधानमंत्री के साथ ही केंद्रीय मंत्रियों का बिहार में भाषण देने की होड़ लगी हुई है। यह देखकर ऐसा लग रहा है कि यह लोकसभा का नहीं पंचायत का चुनाव हो रहा है। देश के प्रधानमंत्री अपने चुनावी सभा में जिस भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, वह अशोभनीय है। उन्होंने तेजस्वी यादव को धमकी दी है कि चुनाव के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जनता को लग रहा है कि वह अब कोर्ट को भी प्रभावित कर लेंगे। मामला कोर्ट का है, तो एक प्रधानमंत्री कैसे इतने दावे के साथ ऐसा बोल सकते हैं। इसका जवाब जनता अपने वोट से देगी। सम्राट चौधरी के लालू यादव को ठंडा कर देने वाले बयान पर इन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी को ही ठंडा कर दिया गया है।

वह एक भी टिकट अपने समाज के लोगो को नहीं दें पाए। वह शतरंज का वह मोहरा है, जिसे कभी भी हटा दिया जाएगा। इस बार देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनना तय है। इस दौरान राजद के राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह, कांग्रेसी नेता अजय कुमार मेहता, अमरजीत मेहता, विजय उर्फ कुक्कू महतो आदि मौजूद रहे।

# बिहार ने 39 सांसद दिए, फिर भी प्रधानमंत्री ने सौतेला व्यवहार किया: तेजस्वी यादव



**पटना, एजेंसी।** पूर्व उपमुख्यमंत्री और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को दियारा क्षेत्र के पतलापुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बेड रेस्ट पर भेजकर ही हम रेस्ट लेने वाले हैं। बिहार ने 40 में से 39 सांसद दिया, इसके बावजूद प्रधानमंत्री ने बिहार के साथ सौतेला व्यवहार किया। प्रधानमंत्री नौकरी, गरीबी, महंगाई पर बात नहीं करते हैं। इस बार पाटलिपुत्र की जनता उनको सबक सिखायेगी।

अपनी बहन डॉ. मीसा भारती के पक्ष में चुनावी सभा करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि कमर में चोट लगने पर डॉक्टर ने तीन सप्ताह बेड रेस्ट करने को कहा था। लेकिन मैंने कहा कि जब तक चुनाव समाप्त नहीं हो जायेगा हम रूकने वाले नहीं हैं। पाटलिपुत्र से मीसा भारती जीतकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी का हाथ मजबूत करेगी।

तेजस्वी यादव ने कहा कि हमने 17 माह में नौकरी देने का काम किया। चाचा ने कहा था कि जो 14 में आए हैं 24 में चले जाएंगे। उसी काम में भतिजा लगा हुआ है। लेकिन भाजपा के लोगों ने चाचा को हाईजैक कर लिया। हमारी सरकार बनते ही एक करोड़ सरकारी नौकरी, बहनों को प्रति वर्ष एक लाख रुपये (यानी प्रतिमाह 8333 रुपये), 200 यूनिट बिजली मुफ्त, 10 किलो अनाज, 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेंगे। साथ ही अग्निवीर योजना को समाप्त किया जायेगा। मौके पर राजद प्रत्याशी मीसा भारती, पूर्व मंत्री रामानंद यादव, केडी यादव समेत अन्य नेता थे। अध्यक्षता सत्यानंद यादव ने किया।

तेजस्वी यादव ने बिंद व चंडी की जनसभा में कहा कि आप (जनता) हमको वोट दीजिए, हम आपको नौकरी देंगे। विरोधियों पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि युवाओं का भविष्य खतरे में है। उनके जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। आज युवाओं के हाथों में डिग्री तो है, लेकिन काम नहीं। बेरोजगारी का दंश झेलने को वे मजूबर है।

वहीं वीआईपी के प्रमुख मुकेश सहनी ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री वोट मांगने के लिए निकले हुए हैं। सभी भाषणों में वे तथ्यहीन बातें बोलकर लोगों को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। वे बिहार को लेकर मुगालते में हैं। बिहार के लोग इस बार पीएम के झांसे में नहीं आने वाले हैं। वे शनिवार को भोजपुर, नालंदा और पटना में आयोजित सभाओं को संबोधित कर रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### शाहकुंड में भी सड़क किनारे सूखा है आम का पेड़, सुधि लेनेवाला कोई नहीं

**भागलपुर/शाहकुंड, एजेंसी।** शाहकुंड - अमरपुर स्टेट हाइवे 85 के किनारे प्रोजेक्ट स्कूल के पास वर्षों से आम का पेड़ सूखा हुआ है। जो आने - जाने वाली छात्राओं और यात्रियों के लिए खतरा बना हुआ है। इसके लिए वर्ष 2023 में वार्ड सदस्य हरिहर सिंह और ग्रामीण रवि रंजन द्वारा स्थानीय सीओ, वन विभाग एवं क्षेत्रीय विधायक से शिकायत की गई है, लेकिन आज तक इसकी सुधि कोई नहीं लिया। इसी सूखे पेड़ के नीचे से प्रतिदिन पैदल और साइकिल से सैकड़ों छात्राएं आतीं - जाती है, फिर भी इसकी कटाई नहीं की जाती। इस संबंध में राजस्व अधिकारी उज्जवल कुमार ने कहा कि मामले को सीओ के संज्ञान में दिया गया है। वे फिलहाल छुट्टी पर हैं, उनके आने के बाद ही कोई कदम उठाया जा सकता है।

### सबौर हाईस्कूल के समीप नवमी में नामांकन को लेकर हंगामा

**भागलपुर/सबौर , एजेंसी।** शनिवार को सबौर नगर पंचायत स्थित हाई स्कूल के समीप नवम क्लास में नामांकन को लेकर लगभग दो दर्जन से अधिक छात्रों ने हंगामा किया। छात्र बीआरसी में जाकर नामांकन को लेकर आवेदन दिया। सभी छात्र-छात्रा बरारी पंचायत के रानी तालाब एवं मीराचक क्षेत्र के रहने वाले थे। इस संबंध में सबौर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह कार्यक्रम पदाधिकारी दिव्या श्री राय ने कहा कि छात्रों का नामांकन अन्य विद्यालय में हो गया है। लेकिन छात्र छात्रा अपने सुविधा को लेकर सबौर इंटरस्तरीय बालिका विद्यालय एवं हाई स्कूल सबौर में नामांकन कराने को लेकर आया था।विभाग से निर्देश मिला है कि इस तरह का मामला समयचीन प्रतीत होता है तो छात्र का नामांकन बीईओ अपने स्तर से दिलवा सकता है फिलहाल हम छुट्टी पर हैं सभी छात्रों से आवेदन ले लिया गया है। सोमवार को छात्रों द्वारा दिए गए आवेदन का अवलोकन कर नामांकन छात्र-छात्राओं का करवाया जायेगा।

### स्कूल में छापेमारी गैस पाइप जब्त

**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** तीन दिन पूर्व दूध में कीड़ा मिलने के बाद बीमार पड़े छात्रों को लेकर नवगछिया के प्रेसीडेंसी पब्लिक स्कूल में छापेमारी की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने नवगछिया आपूर्ति पदाधिकारी के साथ तीन अन्य अधिकारी को भेज कर जांच करायी। जांच में आवासीय विद्यालय में छात्रों के खाना बनाने के लिए घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते हुए मिला। जहां पर तीन सिलेंडर, दो नान सी रेगुलेटर और दो पाइप को जब्त किया गया है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सजल वत्स ने बताया कि हम लोगों के साथ इस्माईलपुर के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने जांचकी है।

### 6 दिवसीय आवासीय ट्रेनिंग बुनियाद 3 का समापन:नवादा के 149 प्रशिक्षुओं ने लिया भाग

**शेखपुरा, एजेंसी।** शेखपुरा में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट, शेखपुरा के प्रशिक्षण हॉल में बुनियाद 3 अंतर्गत 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शनिवार को सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण में निकटवर्ती नवादा जिले के दो प्रखंड हिसुआ एवं काशीचक के कुल 149 प्रशिक्षुओ ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत हर दिन योगा क्लास से और समाप्ति राष्ट्रगान से किया गया। इस मौके पर संस्थान के वरीय व्याख्याता डॉ.नितिन कुमार, व्याख्याता डॉ.रीना कुमारी, चंद्रमोहन प्रसाद, डॉ.विजय कुमार, खेल और कला आधारित अधिगम का प्रशिक्षण के संतोष कुमार सिंह, तौकीर अहमद, विवेक कुमार सहित अन्य व्याख्यातागण उपस्थित रहे। प्रशिक्षण समापन के दौरान सभी प्रशिक्षुओं को संस्थान के व्याख्याताओं द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में शिक्षकों को प्रेरित करते हुए संस्थान के वरीय व्याख्याता डॉ नितिन कुमार ने बताया कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के अंतर्गत बच्चों को निपुण बनाने, बच्चों में कक्षा के अनुरूप ज्ञान, कौशल एवं दक्षता का विकास करने, नईं शिक्षा नीति के अंतर्गत निपुण बिहार के लक्ष्य को प्राप्त करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज के बदलते दौर में शिक्षा में भी बदलाव जरूरी हो गया है। आधुनिक और सरल शिक्षा के माध्यम से बच्चों को शिक्षित करने का मुहिम सरकार द्वारा शुरू की गई है।

## समस्तीपुर डीएम के निर्देश पर 16 प्रखंडों में औचक निरीक्षण: 37 पदाधिकारी और 84 कर्मचारी मिले गायब

**अब अनुशासनिक करवाई की जाएगी**

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर डीएम योगेंद्र सिंह के निर्देश पर शनिवार को एक साथ अधिकारियों की टीम ने जिले के 16 प्रखंडों में औचक निरीक्षण किया। डीएम के निर्देश पर हुए इस औचक निरीक्षण में 37 प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी के अलावा 84 कर्मी कार्य से गायब मिले। डीएम के निर्देश पर हुए इस औचक निरीक्षण की जानकारी के बाद प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी के साथ ही कर्मियों के बीच हड़कंप मच गया। उधर, कल्याणपुर, खानपुर, पूसा एवं विभूतिपुर के वरीय पदाधिकारियों के डीएलएमसी के बैठक में रहने के कारण उध्क्त प्रखंडों में औचक निरीक्षण नहीं हो पाया। शेष सभी प्रखंडों में औचक निरीक्षण किया गया। बताया गया है कि प्रखंड स्तरीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण संबंधित प्रखंड के वरीय पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। औचक निरीक्षण सुबह 10 बजे पूर्वाह्न में शुरू किया गया और 11 बजे पूर्वाह्न तक चला। इस जांच में 37 प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और 84 कर्मी अनुपस्थित पाए गए या विलंब से कार्यालय आए। इन अनुपस्थित या विलंब से आए कर्मियों पर जिला पदाधिकारी के द्वारा अनुशासनिक करवाई की जाएगी।

**बंद पाया गया कार्यालय :** जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह वरीय पदाधिकारी वारिसनगर महमूद आलम के द्वारा बताया गया कि प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी



,वारिसनगर का कार्यालय पूर्वाह्न 11 बजकर 10 मिनट के बाद खुला। वहीं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी वारिसनगर का कार्यालय पूर्वाह्न 10 बजकर 30 तक बंद पाया गया।

**कर्मियों में हड़कंप मच गया :** कार्यक्रम पदाधिकारी वारिसनगर अनुपस्थित पाए गए। इस औचक निरीक्षण से प्रखंड स्तरीय कार्यालयों के कर्मियों में हड़कंप मच गया। इसके अलावा समस्तीपुर, वारिसनगर, सरायरंजन, मोरवा, ताजपुर, पटोरी, मोहिउद्दीननगर , मोहनपुर, विद्यापतिनगर, दलसिंहसराय, उजियारपुर, रोसड़ा, हसनपुर, सिंघिया, शिवाजीनगर, बिथान प्रखंडों में औचक जांच की गई।




## गलगलिया के नो मेन्स लैंड पर तेज होगी गश्त:असामाजिक तत्वों और अवैध तस्करी पर लगेगी रोक

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज जिले के ठाकुरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत स्थित गलगलिया थाना परिसर में गलगलिया थानाध्यक्ष और भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर देश की सुरक्षा में तैनात एसएसबी 41वीं बटालियन निंबुगुरि बीओपी के निरीक्षक के बीच एक समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक अंतर्राष्ट्रीय व अंतराजकीय सीमा पर स्थित गलगलिया थाना परिसर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ने की। इस बैठक में मुख्य रूप से सीमांत क्षेत्र में अवैध गतिविधि, असमाजिक तत्वों, तस्करो, अवैध शराब कारोबारियों सहित अंतराष्ट्रीय सीमा पर संयुक्त गश्त करने की चर्चा की गई है। इन सब को लेकर सघन तलाशी अभियान सहित नो मैन्स लैंड पर संयुक्त रूप से गश्ती तेज किया जाना आदि बातें गलगलिया थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ने बताई है। ज्ञात हो कि सीमांत इलाकों में गलगलिया पुलिस और एसएसबी 41वीं बटालियन के जवान अपनी पैनी निगाह बनाए हुए हैं। वहीं बैठक में उपस्थित एसएसबी 41वीं बटालियन निंबुगुरी बीओपी निरीक्षक बसंत लाल ने सुरक्षा व्यवस्था दुरस्त बनाए रखने सहित पुलिस और एसएसबी जवान संयुक्त रूप से सीमा पर गश्त करने की बात कही है। इस बैठक गलगालिया थाना के सभी पुलिस कर्मी और एसएसबी के कई जवान मौजुद रहे।

**थाना में समन्वय समिति की बैठक आयोजित**

### ठाकुरगंज में चलती ट्रेन से युवक गिरा, इलाज में हुई मौत

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज जिले के ठाकुरगंज में चलती ट्रेन से एक युवक गिर गया। इस दौरान युवक बुरी तरीके से घायल हो गया। जहां स्थानीय लोगों के द्वारा रेल पुलिस ओर ठाकुरगंज थाना को सूचना दी गई। मौके पर रेल पलिस और ठाकुरगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर तुरंत ही एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना के तुरंत ही बाद एंबुलेंस पहुंचकर घायल युवक को हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उसका इलाज किया गया। इस दौरान हालत गंभीर होने के कारण ठाकुरगंज से किशनगंज सदर अस्पताल भेज दिया गया। हालांकि अस्पताल के चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया जा रहा था इस दौरान युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक युवक जब ट्रेन से गिरा तब बेहोश हो गया।





## एलजेपीआर कैंडिडेट वीणा देवी का बड़ा आरोप-पिस्टल दिखाई, गाड़ी पर हमला किया, दर्ज कराई एफआईआर

**वैशाली, एजेंसी।** वैशाली लोकसभा चुनाव में शनिवार को पारू के चिंतामनपुर में एनडीए प्रत्याशी वीणा देवी को कुछ लोगों ने बूथ से थोड़ी दूरी पर घेर लिया। इसको लेकर जमकर हंगामा हुआ। इसकी सूचना पर बड़ी संख्या में अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हंगामा शांत कराया और मामले की जांच कर रही है। राजग प्रत्याशी वीणा देवी शाम करीब चार बजे चिंतामनपुर बूथ संख्या 87 पर जा रही थीं। बूथ से पहले ही उनकी गाड़ी को कुछ लोगों ने घेर कर बूथ पर जाने से रोका और नारेबाजी करने लगे। वीणा देवी व उनके गार्ड ने आपत्ति की। इस पर लोग बकझक करने लगे। इस हंगामे का वीडियो भी वायरल हुआ है। हालांकि हिन्दुस्तान इसकी पुष्टि नहीं करता है। वहीं वीणा देवी की ओर से बताया गया कि उनकी गाड़ी को घेरकर एक दल के समर्थकों ने हमला किया। उन्होंने हमलावरों के पास गमछे में हथियार छिपाकर रखने की आशंका भी जताई। इधर, एसएसपी कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है कि चिंतामनपुर में वीणा देवी की गाड़ी को रोक कर हमला करने व पिस्टल दिखाने की अफवाह उड़ाई गई थी। जांच में हमला व पिस्टल दिखाने की बात गलत निकली। वहीं, स्थानीय लोगों ने कहा कि बूथ पर ईवीएम का एक बटन खराब होने की सूचना पर वीणा देवी ने ईवीएम बदलने को कहा। इसको लेकर वीणा देवी से लोगों की बकझक हुई। हालांकि, प्रशासन ने ईवीएम के बटन में खराबी की बात से इंकार किया है। एसएसपी राकेश कुमार के मुताबिक प्रत्याशी वीणा देवी एक ही बूथ पर बार-बार भ्रमण करने पहुंच रही थीं। इस वजह से कुछ मतदाताओं ने विरोध करते हुए उन्हें रोका।

## उमस भरी गर्मी का प्रकोप, बिहार के स्कूलों में 11 बच्चे बेहोश, केके पाठक के स्कूल टाइम पर सवाल

**पटना, एजेंसी।** बिहार में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। उमस भरी गर्मी में शनिवार को राज्य के अलग-अलग जिलों के स्कूलों में गर्मी से 11 बच्चे बेहोश हो गए। जिसमें मधेपुरा में पांच, दरभंगा में 2, कैमूर में 4 छात्र-छात्राएं शामिल हैं मधेपुरा के तीन स्कूलों में पांच बच्चे बेहोश हो गए। पांचो बच्चों की हालत में सुधार होने के बाद उन्हें घर भेजा गया है।

स्कूल के प्रधानाध्यापक के अनुसार गर्मी के कारण एक-दो बच्चे प्रतिदिन बेहोश हो रहे हैं। सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय धुरगांव हरिजन में शनिवार को दो छात्रों की तबीयत अचानक बिगड़ गयी। वहीं योगेन्द्र उच्च विद्यालय मुरहो के 10वीं कक्षा की छात्रा बेबी कुमारी की तबीयत अचानक विद्यालय में बिगड़ गयी। दरभंगा के अलीनगर में दो सरकारी विद्यालयों में एक छात्र और एक छात्रा मूर्छित हो गए। चिकित्सक से उपचार कराने के बाद दोनों को घर भेज दिया गया। पहली घटना मध्य विद्यालय तुमौल में हुई। वहीं, दूसरी घटना मध्य विद्यालय नरमा में हुई। कैमूर में शनिवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री रहा। उत्क्रमित मध्य विद्यालय पइयां के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार विद्यालय में 11 बजे बेहोश होकर गिर पड़े। उनके चेहरे पर पानी का छींटा मारकर उन्हें होश में लाए। अभी वह आंखें खोल ही रहे थे कि विद्यालय में तीसरी





कक्षा की छात्राएं रूबी कुमारी, प्रीति कुमारी व सोनाक्षी कुमारी तथा दूसरी कक्षा की छात्रा प्रिया कुमारी बेहोश हो गईं। शिक्षक छात्राओं की कक्षा में पहुंचे और उन्हें होश में लाने की कोशिश करने लगे।

इन छात्राओं के भी चेहरे पर पानी का छींटा मारकर होश में लाए। फिर उनके परिजनों को बुलाकर घर भिजवाया। प्रधानाध्यापक एवं छात्रों के बेहोश होने की सूचना जैसे ही ग्रामीणों को मिली वह विद्यालय पहुंचने लगे और उनकी तबीयत के बारे में जानकारी लेने लगे। आसपास के विद्यालय के भी शिक्षक पहुंचने लगे। आपको बता दें गर्मी की छुट्टियों के बाद खुले स्कूलों की टाइमिंग पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने स्कूलों का समय सुबह 6 से दोपहर 12 बजे तक किया हुआ है।

## दुष्कर्म और हत्या के मामले में आरोपी को उम्रकैद की सजा, साक्ष्य के आभाव में पिता हुआ रिहा



**अररिया, एजेंसी।** अररिया व्यवहार न्यायलय के एडीजे-1 मनोज कुमार तिवारी ने स्पीडी ट्रायल के तहत पांच साल पहले दुष्कर्म कर चाकू से हमला कर हत्या करने के मामले में सजा सुनाई है। आरोप प्रमाणित होने पर एक आरोपी को अंतिम सांस तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं, आरोपी के पिता ग्यास उर्फ गयासुद्दीन को साक्ष्य के आभाव में रिहा किया गया है। सरकार की ओर से एपीपी राजा नंद पासवान ने बताया कि सजा पाने वाला 40 साल का आरोपी फकरुद्दीन पिता ग्यास उर्फ गयासुद्दीन ताराबाड़ी थाना क्षेत्र के सोगना गांव का रहने वाला है।

### फांसी की सजा की हुई थी अपील

उसके शरीर पर मकई का पत्ता डालकर ढककर भाग गया। इधर, जख्मी को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल लाया गया। बेहतर इलाज के अभाव में पीड़िता की मृत्यु हो गई। मौत के पहले इलाज के क्रम में पीड़िता ने बयान दिया था। इसके बयान के आधार पर आरोपी फकरुद्दीन और उसके पिता ग्यास उर्फ गयासुद्दीन के खिलाफ महिला थाना कांड संख्या 43/2019 दर्ज किया गया था। कोर्ट में सभी गवाहों ने घटना का पूर्ण समर्थन किया। गवाह के बयान से संतुष्ट होकर न्यायालय के न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी ने आरोपी को दोषी पाया और सजा के बिंदु पर एपीपी राजा नंद पासवान ने ऐसा जघन्य अपराध करने पर आरोपी को फांसी देने की अपील की। वहीं, बचाव पक्ष के वरीय वकील मो मंजूर आलम और महिला वकील मेनिका कुमारी ने कहा कि झूठे आरोप में फकरुद्दीन को फंसाया गया है और फकरुद्दीन निर्दोष होते हुए भी इस मामले में पिछले चार साल 10 महीना और 12 दिनों से जेल सुरक्षा में बंद है। न्यायालय में दोषी पाए जाने के बाद फकरुद्दीन के लिए कम से कम सजा देने की गुहार लगाई गई।

इधर, दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद न्यायालय के न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी ने आरोपी को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वही, धारा 376 (2) के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसका मतलब है कि आरोपी पूरे जीवन भर जेल में ही रहेगा। अंतिम सांस तक वह जेल में रहेगा।न्यायालय के न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि सभी सजा साथ-साथ चलेगी।

### इलाज के दौरान हुई थी महिला की मौत

इसे एसटी 230/ 21 में सजा सुनाई गई है। बताया गया है कि 06 मई 2019 को 11 बजे दिन में आरोपी फकरुद्दीन ने एक महिला को उसका पहचान पत्र और उसके स्वर्गीय पति का मृत्यु प्रमाण पत्र लेकर आने को कहा था। इसके बाद जब वह महिला गोला चौक पहुंची, तब आरोपी ने उसको टेंपो में बिठाया। साथ ही अररिया जीरोमाइल लेकर चला आया। उसने रास्ते में जब पूछा कि उसे लेकर कहा जा रहे हैं, तो आरोपी ने उससे कहा कि उसे लेकर वह दिल्ली जा रहा है। इस बात पर उसने आपत्ति जताया। इसके बाद आरोपी ने मृतका के मुंह पर कपड़ा बांध दिया और मटियारी चौक पर उसे टैंपो से उतार लिया। उसके बाद आरोपी ने मकई खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी ने महिला के बदन पर चाकू से कई बार हमला किया और यह सोचकर कि वह मर गई है।

# वोट प्रतिशत घटने का संकेत प्रत्याशियों में बढ़ी बेचैनी

चाणक्य भूमि बगहा

वाल्मीकि नगर संसदीय क्षेत्र में छठे चरण में 2024 का लोकसभा चुनाव 25 मई को शनिवार को खत्म हो गया। वोट समाप्त होते ही बिहार और देश के कोने - कोने से एक्जिट पोल वाले के फोन की घंटी बजनी शुरू हो गयी है। इसी के साथ स्थानीय लोगों में प्रत्याशियों की जीत और हार की चर्चा होनी शुरू हो गयी । किन - किन जगहों पर किन- किन प्रत्याशियों के लिए मतदान का रूझान कैसा रहा, इसी के आधार पर जीत और हार का विश्लेषण राजनीतिक विश्लेषक से लेकर दलीय और निर्दलीय प्रत्याशी अपनी समीक्षा करनी शुरू कर दी है। मतदाताओं की बात मानी जाय तो सिकटा मैंनाटांड़ में राजद प्रत्याशी दीपक यादव का मत पाने में एक नबर पर स्थान रहा, जदयू पिछड़ गया है। वहीं वाल्मीकि नगर और बगहा में जदयू मत पाने में एक नम्बर पर रहा। गंड़क के दियारा प्रखंड़ में जदयू कहीं बीस है, तो राजद कहीं बीस हैं। इसी तरह थारू बेल्ट में जदयू और राजद को वोट पाने में आंख मिचली का खेल खेलना पड़ा है। मतदाताओ की बात माने तो 20मई तक प्रारम्भ में राजद यहां तीर से आगे निकल चुका था, परन्तु 20 मई के बाद तीर अपने वोटरों को मोदी के नाम पर घर वापसी करने में सफल रहा, परन्तु अगर घर वापसी नहीं कर पाया है, तो फिर उसे लोहा की चना चबानी पड़ेगी। रामनगर विधान सभा अंतर्गत रामनगर टाउन में जो समुदाय दिनेश अग्रवाल को वोट देने के लिए कह रहा था, वो एकाएक देवराज को लालटेन में जाते हुए देखकर मोदी के नाम पर तीर के तरफ पलट गये। वहीं बगहा टाउन एरिया बाजार में निर्दलीय प्रत्याशी दिनेश अग्रवाल के तरफ मतदान सबसे ज्यादा मिला । दियारा क्षेत्र में फूल के नाम पर गोभी को वोट कास्ट हुआ हैं। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी प्रवेश मिश्रा को बगहा पटखौली, ओझवलिया, टडवलिया में वोट मिला है, फिर भी इनसे तीर और लालटेन आगे रहा। वाल्मीकि नगर संसदीय क्षेत्र में हरिजन मतदाता बिल्कुल शांत होकर परिवर्तन का संकेत दिया है, इन लोगों ने अपना वोट लालटेन को दिया है। वहीं मल्लाह का सबसे ज्यादा वोट लालटेन को मिला है। यादव जाति में भी लालटेन का हवा रहा। आईये जातिगड़ मतदाता आंकडा की समीक्षा करते हैं, वाल्मीकिनगर में मतदाताओं की कुल संख्याा करीब 17 लाख 68 हजार है, जिसमें 9 लाख 43 पुरुष मतदाता और करीब 8 लाख 43 हजार महिला मतदाता हैं।जातिगत समीकरण की बात करें तो यहां सबसे ज्यादा 3 लाख मुस्लिम मतदाता हैं, वहीं ढाई लाख के आसपास ब्राह्मण वोटर्स हैं, इसके अलावा डेढ़ लाख यादव, डेढ़ लाख मल्लाह और करीब ढाई लाख दलित मतदाता है. साथ ही थारू जनजाति के भी 2 लाख मतदाता हैं जो चुनावी परिणाम तय करने में काफी है, यहां के चुनाव में अबकी बार 54.09 प्रतिशत मतदान हुआ है।

## कराटे चैंपियन में सेकेंड नॉर्थ इंडिया का पुरस्कार आयुष ने जीता

चाणक्य भूमि बैरिया

**बैरिया** प्रखंड क्षेत्र के तधवानंदपुर पंचायत के तधवा निवासी ललन यादव के पुत्र आयुष यादव ने सेकंड नॉर्थ इंडिया कराटे चैंपियन 2024 का सम्मान पुरस्कार अपने नाम किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि देहरादून में कराटे चैंपियन 2024 ट्रेडिशनल सूट कान एक्सपोर्ट का आयोजन किया गया। जहां आयुष ने बाजी मारी। देहरादून में उनको सेकेंड नॉर्थ इंडिया का अवार्ड आफ हानर देकर सम्मानित किया गया आपको बता दे कि उनकी माता गृहिणी है। पिता ललन यादव मर्चेंट नेवी में है। आयुष के घर पहुंचते हैं। उनके घर वालों ने फुल माला व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। पंचायत के मुखिया हरिहर शाह ने अयुष को बधाई देते हुए बताया कि देहरादून में मेरे पंचायत के आयुष को कराटे चैंपियन में नॉर्थ इंडिया का सम्मान पुरस्कार मिला है। जिससे पंचायत,प्रखंड तथा जिला का नाम रौशन हुआ है।



• तधवा निवासी ललन यादव के पुत्र आयुष यादव ने सेकंड नॉर्थ इंडिया कराटे चैंपियन 2024 में पुरस्कार जीत अपने क्षेत्र का नाम किया रौशन

## मामुली कहा सुनी पर हुई मारपीट में युवक की मौत

चाणक्य भूमि नरकटियागंज



**नरकटियागंज** में बर्तन व्यवसायी के इकलौते पुत्र को पड़ोसियों ने मार पीट कर घायल कर दिया था जिसकी बाद में ईलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों के अनुसार शनिवार की दोपहर में मृतक वोट देने के बाद दुकान पर बैठा था। इसी दौरान मोहल्ले के दीपू और भोली ने उसे चिढ़ा दिया। जिससे नाराज होकर गौरव गाली दे दी। इसी बात पर नाराज होकर दोनों बच्चों के माता-पिता ने मृतक की पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।जिसके बाद परिजनों ने गौरव का इलाज कराया परन्तु चोट इतनी गहरी थी कि उसे बचाया नहीं जा सका।

बाद में सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिये गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा और मामले की सच्चाई की जाँच में जुट गई। अंत्यपरीक्षण के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।




## बहुत से मतदाता 'डिलीट' के खेल में मताधिकार से वंचित रहे

चाणक्य भूमि बेतिया

• मिलीभगत से डिलीट का खेल खेला गयाः अमित कुमार पिन्टू
• जिले के अधिकाँश बूथों पर ऐसी स्थिति देखने को मिली कहीं कहीं तो जिंदा लोगों को भी मृत बताकर वोट नहीं देने दिया गया

पश्चिम चम्पारण में हजारों मतदाता अपने मताधिकार से वंचित रह गये । चिलचिलाती धूप में वे अपने मतदान केन्द्र पर गये लेकिन बिना अपना वोट दिये ही मायुश होकर वापस अपने घर आ गये। कारण यह था कि एक शब्द डिलीट उनके नाम पर कम्प्यूटर से अंकित कर दिया गया था। यानि मतदाता सूची में नाम तो था, लेकिन वह डिलीट था। जिस कारण वे अपना वोट नहीं डाल सके। डिलीट का तात्पर्य यह कि उनका नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है। वोटर लिस्ट से उनका नाम क्यों हटा दिया गया इसका जबाब देने वाला कोई नहीं है। 'डिलीट मतदाताओं सहित समाजसेवियों एवं नेताओं का आरोप का तीर अंदाज पर चलाया जा रहा हैं. आरोप है कि मिलीभगत कर वोटर लिस्ट से नाम डिलीट कर दिया गया है। वार्ड नंबर 24 के समाज सेवी अमीत कुमार पिन्टू का आरोप है, कि मिलीभगत कर डिलीट का खेल खेला गया है। यह भी आरोप है, कि बिना जांच पड़ताल किये बीएलओ एवं सम्बन्धित विभाग के कर्मचारियों ने बहुतेरे मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया और कम्प्यूटर का डिलीट मार्क लगा दिया। 25 मई को वोट देने के लिए बहुतेरे मतदाता जो बाहर रोजी-रोटी के लिए गये हुए थे, दौड़े - दौड़ आये थे, कि अपना वोट देंगे। उनमें से बहुतों की उस समय निराशा हुयी, जब वोटर लिस्ट में उन्होंने देखा कि उनका नाम 'डिलीट लिस्ट में चला गया है। जिला प्रशासन के लिए गंभीर विषय है, कि आखिर ऐसा क्यों हुआ ??? इसकी पड़ताल होनी चाहिए। जो स्वर्ग सिधार गये है, जो दूसरे जगह के वोटर बन गये हैं उनका नाम डिलीट में तो चला ही जाना चाहिए लेकिन वैसे लोग जो पिछले बार नगर निगम चुनाव के समय तक वोटर थे, उनका नाम कैसे डिलीट हो गया ? जांच होनी चाहिए और दोषी के विरुद्ध मुकम्मल कार्यवाही भी होनी चाहिए।

## पिकअप ने ई रिक्शा में मारी टक्कर रिक्शा चालक जीएमसीएच में भर्ती

चाणक्य भूमि बेतिया

घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के घरदान पोखर के समीप का है, जहां अरेराज की ओर से आ रही ई रिक्शा को बेतिया की ओर से जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, आनन फानन में स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी गई, मौके पर डायल 112 पुलिस पहुंची और घायल को बेतिया जीएमसीएच में भर्ती कराया जहां उसका इलाज जारी है। घायल की पहचान नौतन थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी धुरी कुमार के रूप में हुई है। वही बताया जा रहा है कि घटना कारित वाहन का चालक घटना स्थल से वाहन छोड़ फरार है। घटना कि जानकारी स्थानीय लोगो ने पुलिस को दी, सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस पहुंच पूरे मामले की जांच करने में जुट गई है।

## स्नान के क्रम में पैर फिसल जाने से लकड़ी गर्दन में घुसने से हुई मौत

चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर

वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में शनिवार की दोपहर एक व्यक्ति नहाने के बाद भीगे कपड़े सुखाने जाने के क्रम में पैर फिसल जाने से नजदीक में रखी लकड़ी गर्दन में घुस जाने से जख्म हो गया।जख्मी की पहचान लक्ष्मीपुर गांव निवासी बेचन महतो उम्र लगभग 45 वर्ष के रूप में हुई है।प्राप्त सूचना के अनुसार उक्त व्यक्ति मतदान करने जाने से पूर्व घर में स्नान करने के बाद कपड़ा सूखने को डालने जाने के क्रम में पैर फिसलने से गिर पड़े। जिससे एक लकड़ी उनके गर्दन में घुस गया । आनन फानन में परिजनों के द्वारा घायल को एक निजी क्लीनिक में ले जाया गया ।जहां जांच के उपरांत डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इस घटना से परिजनों सहित ग्रामीणों में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। इस घटना की पुष्टि गांव के गुमास्ता दिलीप ने करते हुए बताया कि नहाने के बाद गिरने से हो गई।- छत से पैर फिसलने कर गिरी महिला, हुई जख्मी।

वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत के लक्ष्मीपुर गांव निवासी जितेंद्री देवी पति अजय उर्फ फेकन मरदनिया उम्र लगभग 30 वर्ष रविवार की सुबह बारिश होने से घर में पानी टपकने लगा।जीसे रोकने के लिए छत पर गई। जहां एलवेस्टर के टूटने से वह छत से नीचे गिर पड़ी और बेहोश हो गई । आनन फानन में परिजनों के द्वारा पीड़ित को वाल्मीकिनगर स्थित एक निजी क्लीनिक में ले जाया गया। जहां महिला का प्राथमिक उपचार कर रहे डॉक्टर राजू प्रसाद ने बताया कि महिला का प्राथमिक उपचार किया गया है,चोट लगने से बेहोश हो गई थी। स्थिति अब सामान्य है।

## मोतिहारी में किसान की गला रेत कर हत्या पुलिस जाँच में जुटी

चाणक्यभूमि मोतिहारी

**मोतिहारी** के डुमरिया घाट थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव में एक किसान की गला रेत कर हत्या कर देने के मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर जाँच में जुट गई है। मृतक की पहचान डुमरिया निवासी 55 वर्षीय जादो लाल सहनी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृतक के दामाद प्रमोद सहनी ने बताया कि उनके ससुर शाम में घर से यह कह कर वह गए कि दियरा में तरबूज काटने जा रहे रहे है। लेकिन, रात तक घर नहीं पहुंचे।

इसके बाद उन लोगों को लगा कि वह खेत में भी रह गए होंगे। कई लोग तरबूज के सीजन में खेत में रह जाते है। इसलिए हम लोग भी निश्चित थे। रविवार सुबह में जब खेत की ओर जा रहे थे, तभी घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर सड़क पर ही उनका साइकिल और खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था, इसे देखकर इसकी सूचना डुमरिया घाट पुलिस को दी गई।







## हजारी मेला ग्राउंड में मारपीट की घटना में घायल को पटना रेफर किया

चाणक्य भूमि बेतिया

रविवार दोपहर को शहर के हजारी मेला ग्राउंड में दो गुटों में जमकर हुई मारपीट में बुरी तरह घायल एक व्यक्ती को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया है।जबकि मामूली रूप से घायल का ईलाज गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में चल रहा है। रेफर युवक की पहचान बरवत पसराइन निवासी रितु कुमार के रूप में हुई है। इस मारपीट में मुकेश और गोलू नामक युवकों को भी हल्की चोट आई है। जिनका ईलाज चल रहा है।

इस सम्बंध में एसडीपीओ ने बताया कि पर्वतीया टोला के मनु यादव और मुकेश मल्लिक के बीच पुराने विवाद को लेकर हो रही मारपीट के मामले में चाकू बाजी हुई है। इसमें रितु कुमार के पीठ में चाकू लगी है। जबकि घटना के सम्बंध में मुकेश कुमार ने बताया कि उसका बड़ा भाई गोलू कुमार शहर के चेकपोस्ट पर होटल चलाता है। पर्वतीया टोला के मनु यादव ने मुकेश के मोबाइल पर कॉल किया। उसके बाद उसने अपने बड़े भाई को बुलाया। वहीं, जब दोनों भाई हजारी में गए, तो देखा कि मनु, झोनी यादव छह-सात अज्ञात लोगों के साथ है। दोनों भाइयों को देखने के बाद आरोपी मारपीट करने लगे। इसी दौरान रितु वहां पहुंचा और झगड़ा छुड़ाने लगा इसी दौरान आरोपियों ने उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया

## जीत हार को लेकर मझौलिया में जीत हार के दावों का दौर शुरू

चाण्क्य भूमि मझौलिया

लोक सभा क्षेत्र से 09 प्रत्याशियों के भाग्य का पिटारा मतदाताओं ने कल ईवीएम में बंद कर दिया। मुकाबला सीधे तौर पर दो प्रत्याशी के बीच है। एनडीए के प्रत्याशी सह निर्वतमान सांसद डॉ.संजय कुमार जायसवाल व महागठबंधन के प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी के बीच कांटे की टक्कर है। चुनाव में राम मंदिर का मुद्दा गौण रहा। जाति पाती पूरी तरह हावी दिखा। कुशवाहा और मल्लाह जाति पहली बार एकजुटता दिखाई है। जैसा की क्षेत्र में आम लोगो से बात करने से पता चलता है। स्वर्ण जाति एनडीए की ओर एकजुट होने का प्रयास किया, लेकिन अंत में टूट दिखी। हालाकि ऐसा सब चुनाव में होता रहा है। पहली बार चुनाव में यादव बुद्धिमानी का परिचय दिया है। वे भी महागठबंधन के प्रत्याशी को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ा है। अनुसूचित जाति के दुसाध और मुसहर एनडीए की ओर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने से पीछे नहीं हटे है। चुनाव समाप्त होते ही एनडीए और महागठबंधन के समर्थक चाय की दुकानों पर आंकड़ा लेने में जुटे रहे। दोनो अपने अपने प्रत्याशी को जीतने का दावा कर रहे है। नतीजा 4 जून को आयेगा। क्योंकि उसी दिन मतगणना होनी है। देखिए किसके सर पर अबकी बार मुकुट चढ़ता है।एनडीए और महागठवन्धन क समर्थकों में सट्टेबाजी का दौर जारी है।महागठवन्धन समर्थक अपनेजीत के प्रति आश्वस्त है तो एनडीए के समर्थक डेढ़ लाख से ऊपर के मतों से जीत का दावा किया है।सोशल मीडिया पर जीत हार को लेकर चुनावी जंग छिड़ गया है।

## श्री रामचन्द्र नेत्रालय छावनी बेतिया की लापरवाही से ईलाज के दौरान बृद्ध महिला की मौत

चाण्क्य भूमि बेतिया

• परिजनों ने काटा बवाल,होगी एफआईआर

शुगर इंडस्ट्रीज मझौलिया में कार्यरत सेल्स एक्सक्यूटिव सर्वेश कुमार श्रीवास्तव की माता उमा देवी (77) वर्ष की बेतिया छावनी स्थित श्रीरामचन्द्र नेत्रालय में आंख के आपरेशन के दौरान चिकित्सकों की लापरवाही से मौत हो गयी।हद तो तब हो गयी जब चिकित्सको ने परिजनों से कहा कि वे सो रही है।उसके बाद चिकित्सक और उसके स्टाफ धीरे से खिसक गये।परिजनों को जब पता चला कि मरीज की मौत हो गयी तो उन्होंने नर्सिंग होम के डॉक्टर आर के गुप्ता से पूछताछ की और हंगामा किया।दो घंटो तक शोर गुल होता रहा। इस बीच कोई भी नर्सिंग होम का स्टाफ सामने नही आये।डॉक्टर समेत सभी फरार हो गये।अंततोगत्वा मरीज के परिजनों ने शव को लेकर अपने बेतिया स्थित बसवरिया स्थित मकान् पर लायेऔर दूसरे दिन अंत्येष्टि किया।घटना की सूचना परिजनों ने सिविल सर्जन को दिया है।उल्लेखनीय है कि बिगत 13 मई को उक्त नर्सिंग होम के चिकित्सक ने मनमानी रकम वसूल किया और जांचोपरांत आंख के ऑपरेशन के लिये जांचोपरांत आपरेशन थियेटर में ले गये।किसी भी परिजन को ओ टी रूम में नही घुसने दिया गया।श्री सर्वेश श्रीवास्तव और उनके भाई लोग अंदर जाना चाहे परंतु चिकित्सक आर के गुप्ता ने नही जाने दिया।केस बिगड़ जाने पर धीरे से फरार हो गये।समाचार प्रेषण तक मृत महिला के परिजन पगड़ी रश्म कार्य मे व्यस्त है।उन्होंने बताया कि श्राद्ध सम्पन्न होते ही उक्त नर्सिंग होम के खिलाफ एफआईआर की जायेगी।बहरहाल चिकित्सको की लापरवाही से एक जान चली गयी।







## अरविंद तिवारी बने जदयू किसान व सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव,बधाई का तांता

चाणक्य भूमि

बिहार प्रदेश जनता दल यू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार ने पूर्वी चंपारण अंतर्गत कोटवा प्रखंड के करारिया पंचायत निवासी अरविंद तिवारी को बिहार प्रदेश जनता दल यू के प्रदेश सचिव मनोनित किया है। निर्गत पत्र में प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार ने तिवारी पर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने का भरोसा जताया है।उनके मनोनियन पर लोगो ने बधाई दिया है जिसमे किसान किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह, पूर्व विधायक मीणा दुवेदी,पूर्व विधायक रजिया खातून,पूर्व विधायक मोहम्मद अबैदुल्लाह, बाबू साहब, कोटवा प्रखंड अध्यक्ष शहजाद आलम,जेडीयू नेता दुलार यादव,कांति पटेल, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल,जेडीयू नेता शेख मुन्ना,राघव राम,कमल पटेल आदि का नाम शामिल हैं।













स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714